हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, बुधवार 15 मई 2024
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा ]

MOTION BHILAI

मोशन है, तो भरोसा है।

India 's Best IIT-JEE I NEET I Foundation Coaching Institute

Highest Selection Ratio (NEET)
Total Student Qualified in 2023
6492 / 7084 = 91.64%
Total Student Qualified in 2022
4837 / 5356 = 90.31%










28 Students under 1000 Ranks & 435 Students under 10000 Ranks in NEET 2023

Once Again At NEET
MAKE IT COUNT WITH US !
LEADER BATCH
STARTING FROM
1ST JUNE 2024
ADMISSION OPEN




ADMISSION ANNOUNCEMENT Session 2024-25
(Full-Time Classroom Program)

Target: JEE/NEET 2026
**Nurture Batch**
Class 10th to 11th Moving
Batch at initial stage

Target: JEE 2025
**Achiever Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: NEET 2025
**Leader Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: Olympiads & Board
**Foundation Batch**
Class 6th to 10th Moving Students
Batch at initial stage

MOTION

7970222201 / 7440200990
STUDY CENTER (BHILAI) : 152, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI, CHHATTISGARH 490006
Follow us : facebook.com/motionbhilaiiitjee instagram.com/motionbhilai

## सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरूरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरूरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि- 1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट-एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी** – सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12-14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें** –विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र-छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12-14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे-अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे-अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें** – माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय-समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत**– आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन-भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है -

**फाउंडेशन कक्षा** - 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।

**कक्षा** – 11 के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.-2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा** – 12 के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT** एवं **JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.-2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.**–ड्रॉपर्स के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है। हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 - न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

–नितिन पंड्या
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)

14 korba-Bhoomi pg2_Layout 1 5/14/2024 11:41 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

**हरदीबाजार।** ग्राम नोनबिर्रा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 13 मई सोमवार को भव्य कलशयात्रा के साथ प्रारंभ किया गया। 20 मई सोमवार को गीता हवन, सहस्त्रधारा एवं ब्रहामण भोज के साथ विश्राम होगा। कथा व्यास पीठ से पंडित रामनारायण पाठक पांडातराई कबीरधाम अपने मुखारविंद से कथा श्रवण कराएंगे। कथा प्रतिदिन सांय 4 बजे से हरि इच्छा तक होगी। वहीं कथा के यजमान राम यादव, श्रीमती लक्ष्मी देवी, हरनारायण यादव, श्रीमती चंचल, कन्हैया लाल यादव ने गांव आस-पास क्षेत्र से लोगों को इस धार्मिक अनुष्ठान में कथा श्रवण करने, भोजन भंडारा में शामिल होने का आग्रह किया है।

### सीजी ओपन स्कूल का रिजल्ट आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल ने 10वीं- 12वीं के रिजल्ट जारी करने की तारीख की घोषणा कर दी है। बोर्ड की तरफ से जारी बयान के अनुसार परीक्षा परिणाम 15 मई को दोपहर बाद 3 बजे जारी किया जाएगा। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर ऑन लाइन देखा जा सकता है।

### जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने चलाया गया विशेष अभियान

**कोरबा।** जिले में बाल विवाह के पूर्णतः रोकथाम के लिए कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी रवि प्रकाश के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी दया दास के निगरानी में जिला स्तरीय एवं पांचों विकासखण्ड में नोडल नियुक्त किया गया था। जिला अंतर्गत अक्षय तृतीया के पर्व पर बाल विवाह होने की ज्यादा संभावना रहती है जिसको ध्यान में रखते हुये प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी टीम गठित कर जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम बाल संरक्षण, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं पुलिस विभाग के द्वारा जिले के सभी परियोजना एवं ब्लॉक में बाल विवाह रोकथाम हेतु पंचायत, गॉव, पारा स्तर पर बाल विवाह कानून का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया साथ ही टीम के द्वारा विवाह स्थल में जाकर वर एवं वधु का आयु सत्यापन कर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में समुदाय एवं जनमानस को जागरूक किया गया। शासन एवं समाज की सहभागिता से व्याप्त इस बुराई के पूर्णतः उन्मूलन हेतु जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा समस्त प्रिंटिंग प्रेस, गायत्री परिवार, विवाह करने वाले पुरोहित, समस्त टेन्ट हाउस मालिक, समस्त डी.जे./बैण्ड बाजा मालिक, समस्त नाई एवं समस्त आर्य समाज प्रमुख जिला-गरियाबंद से अपील किया गया था कि विवाह में अपनी सहभागिता देने से पहले बालिका ( 18वर्ष पूर्ण) एवं बालक 21वर्ष पूर्ण की आयु संबंधित दस्तावेज जैसे अंकसूची दाखिल खारिज जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि से आयु की पुष्टि अवश्य करें। निर्धारित आयु पूर्ण होने पर ही विवाह कार्यक्रम में अपना योगदान देवे।

### बहनों के साथ खेलने के दौरान डबरी में डूबने से मासूम की मौत

**रामानुजगंज।** ग्राम पंचायत भवरमाल में एक ह्रदय विदारक घटना में 2 वर्षीय मासूम की घर के सामने ही बने डबरी में डूबने से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। किसी को विश्वास नहीं हो रहा था कि जो बालक कुछ देर पहले अपनी बहनों के साथ खेल रहा था उसकी डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह 9.30 बजे शिवांशु बखला आ. भावेश बखला (2 वर्ष) अपने चार बहनों के साथ घर के सामने खेल रहा था। इसी बीच वह खेलते खेलते घर के सामने डबरी की ओर चला गया जहां डबरी में डूबने से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जब वह कुछ देर तक घर में नहीं आया तो परिजन ढूंढने लगे और डबरी में जाकर देखा तो वह डुबा था। चार बहनों के बाद शिवांशु इकलौता पुत्र था। शिवांशु के अचानक मौत हो जाने से परिवार के लोगों के साथ गांव में शौक की लहर दौड़ गई। डबरी में दो से तीन फीट ही पानी था। संभव पैर फिसल जाने से डबरी में गिर गया और बाहर नहीं निकल पाने से उसकी मौत हो गई।

### रास्ता रोककर बाइक व नकद लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** रास्ता रोककर मारपीट करने व नगद व बाइक लूटने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों से लुटे गए 35 सौ रुपए व बाइक बरामद किया है। पुलिस के अनुसार रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम आसनडीह निवासी 26 वर्षीय राजकमल गुर्जर आ. कमलेश गुर्जर 13 मई की रात लगभग साढ़े आठ बजे अपने घर की ओर जा रहा था। इस दोरुआन ग्राम जोगियानी मुख्य मार्ग पर कांग्रेस पाल व भोला पाल ने उसकी बाइक को लाठी अड़ाकर रुकवा लिया और उसके साथ मारपीट करने के बाद 35 सौ रुपए नगद व बाइक क्रमांक सीजी 30 ई 0805 को लूट लिया।

## छात्रों की तुलना में छात्राओं का परिणाम रहा श्रेष्ठ

# केंद्रीय विद्यालय सहित निजी स्कूलों के सीबीएसई के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीबीएसई बोर्ड के सोमवार को घोषित किए गए 12वीं व 10वीं के परीक्षा परिणाम में गोपालपुर केंद्रीय विद्यालय का 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। इनके अलावा निजी स्कूलों का भी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। केंद्रीय विद्यालय में 10वीं का 93.2 प्रतिशत तथा 12वीं में सर्वाधिक परिणाम वाणिज्य संकाय का रहा।

### न्यू ऐरा प्रोगेसिव स्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

न्यू ऐरा प्रोगेसिव स्कूल के 10वीं कक्षा में कुल छात्रों की संख्या 146 थी जिनका परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कुल 23 छात्रों ने 90 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त किए, 3 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक, 80 से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 39 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 119 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। 10वीं में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों में इशिता मनवानी सोशल साईंस, संभव मालानी गणित, दक्ष मालानी गणित, प्राची रामानी संस्कृत शामिल हैं। इसी तरह 12वीं में कुल 137 छात्र शामिल हुए, परीक्षा का परिणाम 98 प्रतिशत रहा। साईंस विषय में वंशिका अग्रवाल 92.6 प्रतिशत, पलक वस्त्रकार 92 प्रतिशत, रिया राय 92 प्रतिशत, अवनी जैन 91.2 प्रतिशत, आयुष दत्ता 91 प्रतिशत, रितिका चन्द्रा 90.08 प्रतिशत प्राप्त किए हैं। कॉमर्स विषय में मेघा देवांगन 96.04 प्रतिशत, रोजा अंजुम खान 88 प्रतिशत, श्रद्धा सिंह को 87.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं।

### धनीराम मेमोरियल स्कूल का परीक्षाफल उत्कृष्ट

सीबीएसई शिक्षा बोर्ड ने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल बरपाली के कक्षा दसवीं के टॉप 3 में शिक्षा अग्रवाल, पूजा चौधरी एवं ममता सिदार ने अपना जगह बनाया, वहीं कक्षा 12वीं साइंस के टॉप 3 में आर्जव सिंह, अभिषेक चौहान एवं विद्या टंडन रहीं। कॉमर्स सब्जेक्ट के टॉप 3 में कमल अग्रवाल, लव अग्रवाल एवं प्रकाश बरेट ने अपना स्थान बनाया। प्राचार्य मनोहरण टी. ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राओं ने अपने काबिलियत और अपने ज्ञान के भंडार को इस परीक्षा में लगाए थे जिसका परिणाम आज छात्रों ने अच्छा अंक अर्जित किए हैं।




### डीएवी खरमोरा में मेघा और कुश रहे प्रथम स्थान



डीएवी मुख्यमंत्री खरमोरा के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उम्दा प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं के छात्र कुश कुमार चंद्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, मोहम्मद आलीशान रजा द्वारा 75.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और विजय द्विवेदी ने 69.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा भी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। दसवीं सीबीएसई बोर्ड में छात्रा मेघा केसरवानी ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, मोहम्मद जुनेद रजा और अनुष्का सिंह द्वारा 79.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवम जेबा परवीन द्वारा 70.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए प्राचार्य हेमन्तो मुखर्जी द्वारा सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### केवी-4 का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-4 गोपालपुर में कक्षा 10वीं में सिद्धांत उईके 93.2 प्रतिशत, द्वितीय आदित्य पटेल 92.2 प्रतिशत, तृतीय पुष्कर कुमार व ऋषभ कुमार कुरे ने 90.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर गौरव बढ़ाया है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में माही अग्रवाल प्रथम 91.6 प्रतिशत, शुभी साहू द्वितीय 91 प्रतिशत, मोनित साहू तृतीय 87 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में माही सोनी प्रथम 92.4 प्रतिशत, अंकित सिंह द्वितीय 90.2 प्रतिशत, वर्षा शिवहरे तृतीय 89.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर गौरव बढ़ाया है।

### नितेश कुमार मेमोरियल लायंस स्कूल परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत



खरहरकुड़ा मड़वारानी में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इस सत्र दसवी एवं बारहवी की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्राचार्य दीपक जायसवाल ने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षा में रीतु चौबे प्रथम, कुनाल अग्रवाल द्वितीय एवं मिलिंद साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कु ममता कंवर प्रथम, राजा पटेल द्वितीय एवं अनिमेश अग्रवाल तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डा.राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को एक बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु अग्रसर रहा है।

### तरदा स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरदा विकासखंड करतला छग बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं का परीक्षा फल शत 100 प्रतिशत रहा। 10वीं में 35 छात्र थे, जिसमें से 27 प्रथम श्रेणी एवं 8 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। खुशी पटेल 89.83., अनुराग खरे 88.83 प्रतिशत एवं काजल पटेल 84.14 प्रितश अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्राचार्य एमके गभेल, व्याख्याता आरपी वैष्णव, बीआर बाघमारे, आईआर खलखो, कुजूर, हरीश मौर्य एवं शाला विकास समिति के सदस्य रथराम पटेल, निर्मल कौशिक, कोमल पटेल एवं अन्य सदस्यों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बाल विहार स्कूल का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



बाल विहार स्कूल कक्षा नर्सरी से 12वीं जो की पंप हाउस कोरबा में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यम में संचालित है। जिसमें 10वीं 12वीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। 12वीं में 12 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं। हिंदी माध्यम के कक्षा10वीं के छात्र सत्यम उपाध्याय ने 82 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। 12वीं में हिंदी माध्यम की छात्रा वाणी यादव 85 प्रतिशत प्राप्त कर उच्चतम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी माध्यम के छात्र अनिस यादव ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। संस्था के अध्यक्ष किशोर कुमार अग्रवाल सचिव एसके दुबे शिक्षण समिति एवं स्कूल प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को बधाई दी।

### डीएवी स्कूल जेंजरा में विष्णु ने अर्जित किया अधिक अंक



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जेंजरा के कक्षा 12वीं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय और 10वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। सभी मेधावी बच्चों को प्राचार्य श्रीमती राज रेखा शुक्ला ने शुभकामनाएं दी हैं। कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय से विष्णु जायसवाल ने 93.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। नौसिन मेमन ने 74.80 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय से आयुष साहू ने 75.6 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम और रेहान अली ने 70.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में महिमा साह ने 87.80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान व कुश महंत एवं वर्षा साहू 72.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान व सुनिधि कंवर 72 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

### बालको टाउनशिप विद्यालय का परीक्षाफल घोषित



बालको टाउनशिप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको के हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसका परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम धृती साहू 91.16 प्रतिशत, द्वितीय अमन प्रसाद 90.83 प्रतिशत, तृतीय दिव्या पाण्डेय 90 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान हेमप्रभा यादव 86.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान वर्षा ठाकुर 86 प्रतिशत, तृतीय अंशिका साहू 85.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय एवं अपने परिवार व गुरुजनों का नाम रोशन किये हैं। विद्यालय के प्राचार्या नीलाम सिंह एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने सभी का आभार जताया है।

# गिरीश को लंदन-यूके में मिला ग्लोबल पावर लीडर अवार्ड



अवार्ड से सम्मानित होते गिरीश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जा नगरी कोरबा से अब तक अनेक प्रतिभाएं निकले और वे देश में ही नहीं विदेशों में भी कामयाबी का झंडा गाड़ रही हैं। इन्हीं में शामिल हैं बालको के गिरीश सीएस जो यूके में फार्मा ग्लोबल पार्टनर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं, उन्हें हाउस ऑफ लॉर्ड्स, लंदन में आयोजित ग्लोबल बिजनेस कॉन्क्लेव 2024 में विशिष्ट ग्लोबल पावर लीडर 2024 की उपाधि से पुरस्कृत किया गया है। व्हाइट पेज इंटरनेशनल नामक अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा यह भव्य आयोजन यूके के हाउस ऑफ लॉर्ड्स के भवन में किया गया, जिसमें यूनाइटेड किंगडम पार्लियामेंट के कई सांसद और विभिन्न देशों के राजदूत भी शामिल हुए। वहीं विभिन्न क्षेत्रों और दुनिया भर के सफल उद्योगपति भी कार्यक्रम में पहुंचे। ग्लोबल बिजनेस कॉन्क्लेव 2024 में व्हाइट पेज इंटरनेशनल नामक प्रतिष्ठित संस्था द्वारा विश्व की सफल कंपनियों और उनके लीडर का चयन कर उन्हें अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। गिरीश सीएस को विशिष्ट ग्लोबल पावर लीडर 2024 का अवार्ड उनके द्वारा फार्मा कंपनियों के वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए खुद की कंपनी स्थापित करने और ग्लोबल मार्केट में फार्मा में सफलता हासिल करते हुए ग्रोथ रेट बढ़ाने के चलते दिया गया। गिरीश सीएस ने इस प्रतिष्ठित अवार्ड के लिए कोरबा की माटी का आभार जताया है, जहां उनकी नींव तैयार हुई और आज वे सफलता के सोपान चढ़ रहे हैं।

# नर्स डे पर रक्तदान शिविर में 102 लोगों ने किया रक्तदान



नर्स डे मनाते हॉस्पीटल के स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली जैलगाँव एवं न्यू कोरबा हॉस्पिटल (जीवन आशा) जमनीपाली के संयुक्त तत्वाधान में विश्व नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में रक्त दान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दर्री क्षेत्र में किया गया। इस शिविर में 102 लोगों रक्तदान किया एवं उपस्थित सभी का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जाँच किया गया।

इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सीआईएसएफ़ के असिस्टेंट कमांडेंट चिराग गर्ग, मारवाड़ी युवा मंच छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, न्यू कोरबा हॉस्पिटल के संचालक डॉ शोभराज चाँदनी, मंच के पदाधिकारीगण,सीआईएसएफ़ के अधिकारी और डॉक्टर्स मौजूद रहे। शिविर का शुभारंभ अथितियों असिस्टेंट कमांडेंट चिराग गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, संरक्षक मनोज अग्रवाल,प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, निर्वतमान शाखा अध्यक्ष राकेश गोयल द्वारा फीता काट के एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मारवाड़ी युवा मंच के शाखा अध्यक्ष पारस अग्रवाल जी एवं न्यू कोरबा हॉस्पिटल के कार्यक्रम संयोजक साजिद ख़ान जी द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया एवं सीआईएसएफ़ के असिस्टेंट कमांडेंट ने अपने उद्बोधन में कहा 12 मई का दिन नर्सिंग कर्मियों को समर्पित है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक मधुर अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक अंजय अग्रवाल, प्रांतीय सहसंयोजक विकास अग्रवाल, पूर्व शाखा अध्यक्ष नित्तुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरुण केडिया, सदस्य अमित अग्रवाल, आशीष गोयल, वैभव गोयल, सौरभ अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, बालकिशन अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, जय अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, रूपेश गोयल, सतीश अग्रवाल, बिट्टू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अस्पतालों में सेवा दे रहीं 127 नर्सों का किया गया सम्मान

शक्ति नगर में नर्स-डे के अवसर पर एसईसीएल के विभागीय अस्पतालों में सेवा दे रहीं 127 नर्स व सहायिकाओं को भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन (बीएमएस) ने सम्मानित किया। बीएमएस के पदाधिकारियों का अलग-अलग प्रतिनिधि मंडल कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा व दीपका एरिया के अस्पताल, डिस्पेंसरी में पहुंचकर लगभग 127 नर्स व सहायिकाओं को सम्मानित किया। समाज और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में नर्सों के योगदान को याद किया। नर्सों के सम्मान समारोह के एक कार्यक्रम में बीएमएस के प्रीतम राठौर, रामनारायण साहू, गणेश गिरी गोस्वामी, मानिकांत, हमराज राव, कुलदीप, राहुल कुर्रे, वीरेंद्र, अभिषेक सहित अन्य ने नर्सों को सम्मानित उनके योगदान को सराहा।



# शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की करें कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने समय सीमा की बैठक में टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा की और सभी एसडीएम सहित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभागीय कार्यों तथा निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी फील्ड पर जाकर लें। जिले में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को रोकने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण, शहरी इलाकों में हाल ही में किये गये शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को शीघ्र हटाए।

**खास बात**

- समय सीमा की बैठक में हुई विभागीय कार्यों की समीक्षा

खेल मैदानों, स्कूलों के आसपास सहित महत्वपूर्ण स्थानों से अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने अतिक्रमण पर विशेष नजर रखते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास, आश्रमों के निरीक्षण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईंट भट्ठों में संचालित बालवाड़ी में, आंगनबाड़ी केंद्रों में समय पर भोजन सहित अन्य सामग्री का वितरण करने के साथ ही निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पर्याप्त बच्चों की उपस्थिति होने के साथ समय पर केंद्र का संचालन तथा अन्य गतिविधियां संचालित किया जाएं। बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों में विद्युतीकरण, पहुँचमार्ग, विद्युतविहीन गांवों में विद्युतीकरण के सम्बंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण के



बैठक लेते कलेक्टर।

निर्देश देते हुए कहा कि सीमांकन के प्रकरणों का बारिश से पूर्व निराकृत किया जाए। कलेक्टर ने जिले में होने वाले राखड़ परिवहन पर नजर रखने और नियम विरुद्ध राखड़ परिवहन करने पर संबंधित वाहन पर कार्यवाही के निर्देश एसडीएम, पर्यावरण अधिकारी, परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन के प्रकरणों पर कार्यवाही करने, निलम्बन के मामलों पर जाँच कर बहाल कर संबंधित से कार्य लेने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमएफ अन्तर्गत मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करने, निरस्त किये गए कार्यों और अप्रारम्भ कार्यों की राशि जमा करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभाग अंतर्गत वर्ष 1990 के पश्चात हुए भू-अर्जन के प्रकरणों का रिकॉर्ड दुरूस्त करने के निर्देश देते हुए राजस्व विभाग को दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि अतिक्रमण पर कार्यवाही की जा सके।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

14 korba-Bhoomi pg3_Layout 1 5/14/2024 11:46 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 15 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

6 सिंघाली खदान में दो सप्ताह से कोयला उत्खनन ठप



## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय में चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 18 मई दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है, जिसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी एकलव्य विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन क्रमांक व पिता का मोबाइल नंबर प्रविष्ट कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही जिन विद्यार्थियों के आवेदन अस्वीकृत हुए हैं वे उक्त लिंक पर जाकर आवेदन क्रमांक व पिता के मोबाइल नंबर की सहायता से आवेदन के अस्वीकृत होने के कारण की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### बिरहोर जनजाति को बांटा गया कपड़ा

**कोरबा।** पाली के ग्राम गणेशपुर डोंगानाला में विशेष पिछड़ी बिरहोर जनजाति परिवार के सदस्य रहते हैं। इस ग्राम में पहुंचे स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल लाफा के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी महाबीर प्रसाद चंद्रा व स्वयंसेवक ने दानदाताओं के कपड़े व अन्य सामान बिरहोर जनजाति परिवार के सदस्यों में बांटे। इस दौरान वे ग्राम के विभिन्न मोहल्ले में भी पहुंचे। जरूरत के सामान पाकर लाभांवित हुए ग्रामीणों व बच्चों ने प्रसन्नता जताई। गांव के जनजाति परिवार के सदस्यों की जीविकोपार्जन के साधन की जानकारी लेने के बाद शिक्षा के मुख्यधारा से बच्चों को जोड़ने और गांव के लोगों को नशे से दूर रहने जागरूक किया।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दूसरा प्रवेश द्वार किया गया बंद

**कोरबा।** शहर में स्थापित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पहुंचने और भर्ती मरीजों को निजी अस्पताल शिफ्ट कराने परिसर में दलाल सक्रिय रहते थे। जो मरीज और उनके परिजन से संपर्क कर उन्हें बेहतर इलाज मिलने की बात कहते हुए उन्हें बरगलाकर निजी अस्पताल ले जाते थे। अस्पताल प्रबंधन ने इसमें रोक लगाने परिसर में सुरक्षा कर्मियों को मुस्तैद किया। सीएमएचओ कार्यालय की ओर वाले गेट में पार्किंग कर्मचारी ने भी निगरानी शुरू कर दी थी। दूसरी ओर दलाल मौका पाकर कॉलेज की ओर स्थित दूसरे प्रवेश द्वार से घुसकर ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग में भर्ती मरीजों को एंबुलेंस में निजी अस्पताल शिफ्ट कराने लगे थे। इसकी जानकारी होते ही अस्पताल प्रबंधन ने दूसरा प्रवेश द्वार पर ताला लगवाकर उसे पूरी तरह बंद करा दिया। हालांकि पैदल आवाजाही करने वाले मरीज के परिजन के लिए साइड गेट खुला रखा है। असिस्टेंट मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रविकांत जाटवर के मुताबिक दूसरा प्रवेश द्वार बंद होने से निजी अस्पतालों के दलालों पर लगाम कस गयी है।

### नीट पीजी के परिणाम 15 जुलाई को होंगे जारी

**कोरबा।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) पीजी के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।आवेदन में हुई गलती को अभ्यर्थी 16 मई तक सुधार सकते हैं।आवेदन में नाम, राष्ट्रीयता, ईमेल और मोबाइल के अलावा किसी भी जानकारी को बदला जा सकता है। नेशनल बोर्ड ऑफ एजुकेशन इन मेडिसिन साइंस (एनबीईएमएस) की ओर से यह परीक्षा जून में आयोजित की जाएगी। इसके परिणाम 15 जुलाई को जारी होंगे। जानकारी के अनुसार मेडिकल कालेजों के पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए नीट पीजी का आयोजन किया जाता है। छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर व भिलाई तीन जगहों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं देशभर में नीट पीजी के लिए 259 परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। पिछली बार नीट पीजी के लिए 209030 छात्रों ने आवेदन किया था।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के छह सरकारी व दो निजी मेडिकल कालेजों में पीजी की कुल 405 सीटें हैं।

# बारिश का पानी रोककर भू-जल स्तर बढ़ाने किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोरबा-चांपा मार्ग में बसे करतला ब्लॉक के ग्राम मड़वारानी के आसपास 17 से अधिक ग्राम ड्राई जोन के अंतर्गत आते हैं। इससे यहां के ग्रामीण बारिश के पानी को रोक भू-जल स्तर बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच अभी खेरीमाला नाला पर चेकडेम बनाने में ग्रामीण जुटे हैं। इससे भू-जल स्तर बढ़ाने व मिट्टी का कटाव रोकने में मदद मिलेगी। मड़वारानी के किनारे बसे ग्राम पंचायत पुरेना व खरहरी में पहले गर्मी के समय हैंडपंप और कुएं सूख जाते थे। इसी वजह से ग्रामीण वाटरशेड कमेटी बारिश के पानी को रोक भू-जल स्तर बढ़ाने के प्रयास में हैं। इनके प्रयास को देख नाबार्ड सहयोग कर रही है।

ग्राम मड़वारानी पहाड़ के नीचे भी कई नाले हैं। इसमें बारिश का पानी तेज गति से बहते हुए अपने साथ मिट्टी भी बहा ले जाता है। इसके अलावा पानी बहकर नदी में चला जाता है। इसे रोकने तीन स्थानों पर चेक डेम और पत्थर का गेबियन बनाया जा रहा हैं। कमेटी के अध्यक्ष रामानुज कौशिक का कहना है कि इससे आने वाले दिनों में 220 एकड़ से अधिक जमीन सिंचित होगी। खेतों में भी पानी रुकेगा। इससे फसल भी बेहतर होगी। इसलिए ग्रामीण गर्मी में भी चेकडैम बनाने सहयोग करने आगे आ रहे हैं। निर्माण कार्यों में तकनीकी सहयोग कर रही सीमा पोर्ते में बताया कि इस क्षेत्र का भू-जल स्तर बारिश के पानी के ट्रीटमेंट से 1.5 से 2 मीटर बढ़ा है। इसे और बढ़ाने के लिए ही पहाड़ के नीचे काम कराया जा रहा है। बारिश के बाद जांच करेंगे कि कितना बढ़ा भू-जल स्तर पहाड़ के पानी को रोक जांच करेंगे कि इससे कितना वाटर लेवल रिचार्ज हुआ। इसके बाद आगे भी गेबियन बनाएंगे। पहले पानी को रोकने मेड़बंदी का काम यहां हुआ था। इससे कई क्षेत्रों में भू-जल स्तर को बढ़ाने में मदद भी मिली है। जल संसाधन विभाग ने मड़वारानी पहाड़ के नीचे ही कोथारी जलाशय का निर्माण कराया है। इसमें गर्मी के समय पानी ही नहीं रुकता। इस वजह से जलाशय को ग्राम पंचायत को सौंप दिया है। इसे देखते हुए ही ग्रामीण अब वाटरशेड कमेटी के माध्यम से छोटे-छोटे स्ट्रक्चर बनाकर बारिश के पानी को रोक रहे हैं।

## ग्राम पंचायत पुरैना व खरहरी में बनाया जा रहा चेकडेम

**खास बातें**

- शासकीय विभागों के साथ निजी संस्थाएं भी कर रही कार्य
- वाटर शेड कमेटी का हुआ गठन



## कोरबा में 40 फ़ीसदी तो कटघोरा में 28 फीसदी ही हो पाया संग्रहण

# मौसम के बिगड़ते तेवर से तेंदूपत्ते की क्वालिटी खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले के जंगल में तेंदूपत्ता के संग्रहण का दौर शुरू हो चुका है। आदिवासी परिवारों द्वारा अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए लगातार जंगलों में पहुंचकर तेंदूपत्ता संग्रहण कर रहे हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर मौसम के लगातार बिगड़ते तेवर की वजह से पेड़ की क्वालिटी जहां खराब हो रही है तो वहीं दूसरी ओर कलेक्शन भी कमजोर पड़ते जा रहा है। यदि यही हाल रहा तो इस वर्ष संग्रहण लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन नजर आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल को वर्ष 2024 के लिए 76300 मानक बोरा व कोरबा वनमंडल को 53800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है। जिले का तेंदूपत्ते को पहले ही प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे ठेकेदारों ने ऑनलाइन खरीदी की थी और अब मई के पहले सप्ताह में जंगलों में तेंदूपत्ता का संग्रहण का दौर शुरू हो चुका है। इस मई के महीने में लगातार बारिश और आंधी तूफान अंधड़ की वजह से तेंदूपत्ते की क्वालिटी लगातार खराब हो रही है। जिससे ठेकेदार व विभाग की चिंता बढ़ने लगी है। 14 मई बीत जाने के बाद भी अब तक संग्रहण आधा नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि कटघोरा वनमंडल में अब तक मात्र 28 फ़ीसदी 17208 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हो पाया है जबकि कोरबा वनमंडल में 53800 मानक बोरा के एवज में 19380 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण हो पाया है जो संग्रहण लक्ष्य का 40 फीसदी है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यदि इसी तरह मौसम के तेवर बिगड़ते रहे तो इस साल संग्रहण लक्ष्य को हासिल करना लगभग मुश्किल ही हो सकता है। हालांकि विभाग का प्रयास है कि आने वाले दिनों में मौसम साफ होने पर तेंदूपत्ता की क्वालिटी बेहतर होगी और संग्रहण लक्ष्य को अधिक से अधिक हासिल करने का प्रयास किया जाएगा ताकि आदिवासी परिवार इस तेंदुपत्ते का संग्रहण कर अधिक से अधिक आय अर्जित कर सकें।

### जंगल में हाथी का भी मंडरा रहा है खतरा

पहले ही मौसम की मार के चलते आदिवासी परिवारों द्वारा तेंदूपत्ता का संग्रहण बहुत कम कर रहे हैं। वहीं कटघोरा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिससे जंगल में लगातार खतरा भी मंडरा रहा है। हालांकि वन विभाग की टीम लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर मुनादी कर रही है और लोगों को सावधान भी कर रही है ताकि कोई जनधन की हानि ना हो। हालांकि इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान अब तक कोई जनधन की हानि की घटना सामने नहीं आई है लेकिन फिर भी जंगल में लगातार खतरा मंडरा रहा है वन अमले की टीम प्रतिदिन क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को सावधान कर रही है।

# तेंदुए के हमले से तीन बकरियों की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देर रात को एक तेंदुआ गांव में घुस गया और तीन बकरियों को अपना शिकार बनाया है जिससे तीन बकरियों की मौत हो गई है जबकि एक बकरी गंभीर रूप से घायल हो गया है। सुबह जब बकरी के मालिक को इसकी भनक लगी तो उसने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है।

**खास बात**

- कटघोरा वन मंडल के चैतमा रेंज का मामला

मामला कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज की है। बताया जाता है कि सेमरा बीट के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पटपरा में निवास करने वाले सीताराम यादव बकरी का पालन करता है। बीती रात को सीताराम अपने बकरियों को घर में बंद कर रखा हुआ था इस इसी दौरान देर रात को जंगल से भटककर एक तेंदुआ उसके घर जा धमका और घर के बाड़े में बांधे गए तीन बकरियों को अपना शिकार बना लिया जिससे तीनों की मौत हो गई है जबकि एक बकरी गंभीर रूप से घायल हो गई है। सुबह जब सीताराम की नींद खुली तो बकरियों को मृत अवस्था में देख उसके होश उड़ गए और उसने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी है। बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से तेंदुआ आसपास के जंगल में विचरण कर रहा है।



तेंदुआ के हमले से मृत बकरी।

### चोटिल बंदर को भेजा गया कानन पेंडारी



कोरबा वनमंडल के करतला रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरपाली रेल लाईन के पास एक बंदर चोटिल हो गया था। जिसका बरपाली के कुछ ग्रामीणों ने वन विभाग की मदद से प्राथमिक इलाज कराया और उसे बरपाली के वन विभाग के डिपो में रखा गया था। अगले दिन बन्दर को वन विभाग द्वारा कानन पेंडारी शिफ्ट कर दिया गया है। बताया जाता है कि इस इलाके में पानी की कमी बनी हुई है जिसके चलते वन्य प्राणी भटककर रिहायशी क्षेत्र पहुंच रहे हैं और हादसे के शिकार हो रहे हैं या फिर वन्य प्राणियों पर कुते हमले कर रहे हैं।

# मकान निर्माण की बकाया रकम न देने से पति ने पत्नि व बच्ची की हत्या कर की थी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों उरगा क्षेत्र के ग्राम कुकरीचोली में सनसनीखेज पति, पत्नी और बच्चे की लाश मिली थी जहां पति ने अपनी पत्नी व बच्चे की हत्या कर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में जांच के उपरांत आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले एक महिला के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

**खास बात**

- महिला के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर किया गिरफ्तार

उल्लेखनीय है कि उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरीचोली निवासी जयराम रजक, उसकी पत्नी और उसके मासूम बच्चे की लाश 9 मई की सुबह उसके घर के कमरे में मिली थी। वारदात के बाद तहकीकात में जुटी पुलिस प्रथम दृष्टया मामला अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या करना पाये जाने पर अपराध धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में गंभीर से विवेचना कर हर पहलू की जांच के दौरान उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा को घटनास्थल से मृतक जयराम रजक का लिखा सुसाईड नोट मिला था जिसमें उल्लेख किया गया था कि मकान निर्माण का बकाया राशि सिलयारीभाठा निवासी संतोषी पति लाल सिंह द्वारा जयराम रजक के मकान निर्माण का बकाया रकम 1 लाख 88 हजार 1 सौ रुपए को जयराम रजक को भुगतान नहीं किए जाने की वजह से सुसाइड करना लिखा हुआ है। घटनास्थल से मिले सुसाईड नोट व मृतक के साथ काम करने वाले मिस्त्री, लेबर, रेजा के कथन के आधार पर पुलिस ने सिलयारीभांठा निवासी संतोषी जगत पति लालसिंह जगत के खिलाफ धारा 306 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# अधिकारियों ने दीपका व कुसमुण्डा खदान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के अधिकारियों ने जिले में संचालित मेगा परियोजनाओं का जायजा लिया। निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी ने दीपका खदान का दौरा किया तो एसईसीएल निदेशक तकनीकी (यो/परि) एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने सुबह कुसमुंडा खदान का जायजा लिया। वहीं दूसरी ओर उप महानिदेशक खान सुरक्षा रामअवतार मीणा ने भी कुसमुण्डा खदान का निरीक्षण किया।

**खास बातें**

- फेस में जाकर खनन गतिविधियों की जुटाई जानकारी
- मासिक लक्ष्य प्राप्ति पर दिया जोर



खदान का निरीक्षण करते अफसर।

एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी द्वारा दीपका खदान का दौरा किया गया। दौरे के दौरान उन्होंने फेस तक पहुंचकर ओबी रिमूवल एवं कोयला खनन का निरीक्षण कर टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर ज़ोर दिया। एसईसीएल निदेशक तकनीकी (यो/परि) एन फ्रैंकलिन जयकुमार तडक़े कुसमुंडा मेगा परियोजना के दौरे पर पहुंचे जहां उन्होंने खनन गतिविधियों का जायज़ा लिया। वे डिपार्टमेंटल कैट फेस गए तथा ओबी रिमूवल सहित अन्य खनन गतिविधियों की समीक्षा की। जयकुमार द्वारा हाल ही में आरवीआर कंपनी द्वारा कमीशन किए गए टीआरएस (ट्रक रिसीविंग स्टेशन) का भी अवलोकन किया गया। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजीव सिंह सर के साथ रहे। इसी तरह रामावतार मीना, उप-महानिदेशक खान सुरक्षा, पश्चिमी अंचल, नागपुर द्वारा एसईसीएल कुसमुंडा खदान का दौरा किया गया। दौरे के दौरान श्री मीणा ने कुसमुंडा खदान में ईस्टर्न पैच सहित विभिन्न जगहों पर जाकर खनन गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होने साइलो, ठेका कामगारों के कैंप का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होने डिपार्टमेंटल पैच में मॉक ड्रिल का जायजा लेते हुए किसी अप्रिय घटना की स्थिति में प्रतिक्रिया समय की भी समीक्षा की। इससे पहले आगमन पर कुसमुंडा क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजीव सिंह द्वारा मीना एवं खान सुरक्षा निदेशालय से पधारे अन्य निदेशकगणों का आत्मीय स्वागत किया गया।

## मध्यप्रदेश विद्युत कंपनी व पंजाब पॉवर के 17 अधिकारी योजना की लेंगे जानकारी

# विद्युत कंपनी की कैशलेस योजना पर स्टडी करेंगे एमपी व पंजाब के अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य में सर्वप्रथम लागू की गई विद्युत उत्पादन कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना पूरे देश के लिए मिसाल बन गई है। यही वजह है जो इस व्यवस्था को जानने और समझने दूर दूर से लोग पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में पंजाब पावर और मध्यप्रदेश विद्युत कंपनी के 17 अफसरों की टीमें छत्तीसगढ़ आ रही हैं। पंजाब के दो और एमपी से आए 15 अफसर कैशलेस स्वास्थ्य योजना के प्रबंधन पर स्टडी करेंगे।

छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की परियोजना प्रबंधन को समझने के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने मध्यप्रदेश विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक सहित मध्यप्रदेश विद्युत कंपनियों के प्रतिनिधि तथा पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारी बुधवार को रायपुर स्थित डगनिया मुख्यालय सेवा भवन पहुंचेंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के प्रबंध निदेशक जनरेशन एसके कटियार एवं ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला उपस्थित रहेंगे। आईएसए मॉडल के तहत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में लागू होने वाली यह पहली स्वास्थ्य परियोजना है। मानव संसाधन विभाग द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश विद्युत कंपनी से 15 अधिकारी व पंजाब स्टेट पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड से भी दो अधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में पवार प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना संबंधित विभिन्न जानकारियां दी जाएंगी। साथ ही चर्चा का भी सत्र रखा गया है। इसमें अतिथियों द्वारा प्रश्नोत्तरी माध्यम से परियोजना प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की जाएगी।



फाइल फोटो

### देशभर की पावर कंपनियों में योजना लागू करने पर विचार


यह योजना अक्टूबर 2023 से लागू है और 7 महीनों में इस योजना से लाभांवित नियमित कर्मचारी, कर्मचारी के परिजन व पेंशनरों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह योजना किफायती, सरल और भरोसेमंद साबित हो रही है। इस लिए देश की सभी पावर कंपनियों द्वारा इस योजना को लागू करने का विचार किया जा रहा है। ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन के महाप्रबंधक अशोक वर्मा व अति महाप्रबंधक विनोद अग्रवाल द्वारा परियोजना संबंधित जानकारी प्रदान की जाएंगी।

### गांव में अवैध शराब बनाने वालों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**कटघोरा।** एक गांव में अवैध रुप से शराब बनाकर बेचने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा था। गांव के सरपंच व ग्रामीणों ने उसके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उस कारोबार से जुड़े दो लोगों को धरदबोचा और उनके कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब बरामद कर अग्रिम कार्यवाही के लिए पुलिस के सुपुर्द किया गया है। कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत के आमाखोखरा के खुटरीगढ़ मोहल्ला में अवैध शराब बनाने और बेचने का काम जोरों से फल फूल रहा है लेकिन इसकी भनक कटघोरा पुलिस को नहीं लगी थी और ग्रामीण लगातार परेशान हो रहे थे फिर क्या था इस अवैध शराब के खिलाफ ग्रामीणों ने ही मोर्चा खोलने की ठानी और बीती रात को सरपंच पुराण सिंह कंवर और कुछ ग्रामीणों ने शराब के साथ दोनों व्यक्तियों को धरदबोचा।

14 korba-Bhoomi pg 4_Layout 1 5/14/2024 11:15 PM Page 1






# राम पोथिनेनी-संजय दत्त की फिल्म का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** संजय दत्त और राम पोथिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है। कुछ समय पहले फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां सामने आई हैं। वहीं अब फिल्म के निर्माता इसका टीजर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। 'डबल आईस्मार्ट' के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। वहीं अब निर्माता फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का टीजर 15 मई को लॉन्च किया जाएगा।

## लाइफ Style

# ऋचा

## 'लज्जो' को लेना पड़ा था शराब का सहारा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' से ऋचा चड्ढा ने वेब सीरीज में डेब्यू किया है। कम स्क्रीन टाइम के बावजूद ऋचा चड्ढा के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। उन्होंने लाजवंती (लज्जो) के किरदार ने काफी प्रशंसा हासिल की है।

खासकर उनके शराबी डांस सीक्वेंस ने दर्शकों का काफी प्रभावित किया है। अभिनेत्री ने हाल ही में साझा किया कि दृश्य को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष करने के बाद उन्होंने शराब का सहारा लिया था। पहले दिन, मुझे नशे में नाचने का मौका नहीं मिल रहा था। तो 30-40 टेक के बाद, मैंने सोचा कि मुझे एक क्वार्टर लेने दो और देखो क्या होता है। मेरे पास कुछ शराब थी। ऋचा ने आगे कहा, "मैंने थोड़ी सी शराब पी, लेकिन इससे हालात और खराब हो गए। मैं अपने शरीर में सुस्ती नहीं चाहती थी, मैं इसमें कुछ कमी भी नहीं चाहती थी। शायद कुछ स्टेप्स आगे पीछे हो सकते थे, लेकिन मैं अपनी चाल-ढाल में बदलाव नहीं कर सकती थी क्योंकि यह डांस लज्जो की भावनाओं को भी व्यक्त कर रहा था। इसलिए इसे मंजूरी मिलने में भले ही समय लगा, लेकिन इसके लिए मैंने बहुत मेहनत की थी। उन्होंने आगे कहा, यह एक तकनीकी काम है, चाहे मैं कितना भी डांस कर लूं, मेरी ड्रेस इतनी भारी थी कि मुझे उस निशान को छूना था और बातचीत करनी था। ऐसा करना मेरे लिए मजेदार था। बता दें कि इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल, अदिति राव हैदरी, ताहा शाह बदुशाह, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन जैसे कई सितारे अहम भूमिका में नजर आए हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# मशहूर निर्देशक रोजर नहीं रहे

**लॉस एंजिलिस।** 70 से अधिक फिल्मों का निर्देशन कर चुके दिग्गज फिल्मकार रोजर कॉर्मन का निधन हो गया। वे 98 साल के थे। अपने फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों का निर्माण भी किया था। उन्हें साल 1959 की फिल्म द वास्प वुमन और 1960 की द लिटिल शॉप ऑफ हॉरर्स जैसी फिल्मों जाना जाता है। 9 मई को सैंटा मोनिका में अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। कॉर्मन की बेटी कैथरीन कॉर्मन ने एक बयान में कहा, 'वे खुले दिल वाले उदार और लोगों के प्रति दयालु थे।'



# लंगूरों ने दुनियाभर में मचाया धमाल...

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी और ट्वेंटिएथ सेंचुरी की नवीनतम फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' ने गर्मियों की छुट्टियां गुलजार कर दी हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताहांत में करीब 1078 करोड़ रुपए की कमाई करके डिज्नी की बांछें खिला दी हैं। फिल्म ने अमेरिका के घरेलू बॉक्स ऑफिस से बेहतर कारोबार दुनिया के दूसरे देशों में किया है। फिल्म ने अमेरिका में करीब 5.65 करोड़ डॉलर यानी कि करीब 472 करोड़ रुपए की कमाई की है लेकिन फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन इससे कहीं ज्यादा शानदार रहा। फिल्म ने अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में करीब 606 करोड़ रुपए की कमाई की है।



# 'हीरामंडी' के लिए देने पड़े थे 16 ऑडिशन

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' के ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से बॉलीवुड अभिनेत्री शर्मिन सहगल को भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दर्शकों ने शो में अन्य अभिनेत्रियों के बराबर नहीं होने के लिए उनकी आलोचना की। अब शर्मिन ने खुलासा किया है कि 'हीरामंडी' में आलमजेब की भूमिका पाने के लिए उन्हें 16 बार ऑडिशन देना पड़ा था। सोशल मीडिया पर लोगों ने शर्मिन पर नेपोटिज्म का टैग लगाया और कहा कि यह किरदार उन्हें भंसाली की भांजी होने की वजह से मिला है। हालांकि, अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें अपने मामा से किसी भी प्रकार की मेहरबानी या छूट नहीं मिली, और यह भूमिका पाने के लिए उन्हें बाकी सभी लोगों की तरह ही कड़ी मेहनत करनी पड़ी थी।



# जूनियर एनटीआर ने पूरी की वॉर 2 की शूटिंग

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने आगामी फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। काफी वक्त से अभिनेता इस फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में मुंबई में थे। पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद वे मुंबई से हैदराबाद लौट गए हैं। जूनियर एनटीआर फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म से जुड़ी पूरी स्टारकास्ट और इसकी रिलीज डेट के एलान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म वर्ष 2019 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। आगामी 20 मई को 'वॉर 2' का पोस्टर या टीजर जारी हो सकता है।

## टीवी मसाला

# 3 फुट के अब्दू रोजिक की 7 जुलाई को यूएई में होगी शादी

**नई दिल्ली।** 3 फुट की हाइट वाले 'छोटे भाईजान' यानी अब्दू रोजिक की उम्र सिर्फ 20 साल है और उनकी होने वाली वाइफ 19 साल की हैं, जिसके साथ अब्दू निकाह करने के लिए एकदम तैयार हैं। अब्दू ने अपनी सगाई की फोटोज शेयर करने के साथ ही फैंस के साथ अपनी शादी की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। अब्दू रोजिक 7 जुलाई को यूएई में अमीरा के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों की मुलाकात हुई और नैन ऐसे लड़े कि दोनों दिल खो बैठे। अब्दू रोजिक ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उन्हें अपने जीवन का प्यार मिल गया है और वह शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू 19 साल की अमीरा से शादी कर रहा हैं, जो 'शारजाह की एक अमीराती लड़की' है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू की अमीरा से मुलाकात इसी साल फरवरी में दुबई मॉल के सिप्रियानी डॉल्सी में हुई थी। अब्दू ने बताया कि 'मैं इस प्यार से ज्यादा कीमती किसी चीज की कल्पना नहीं कर सकता। मैं जीवन में अपनी नई यात्रा शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।



## बिग बॉस ओटीटी 3 होस्ट नहीं करेंगे

**मुंबई।** पिछले काफी दिनों से 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। वह इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह कब शुरू होगा। पहले खबर आई थी कि यह इस साल नहीं आएगा, लेकिन बाद में मालूम हुआ कि जून के पहले हफ्ते से इसका प्रीमियर होगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार का 'बिग बॉस ओटीटी 3' सलमान खान होस्ट नहीं कर रहे हैं। सलमान खान के पास डेट्स की दिक्कत है। काम ज्यादा है और इस वजह से डेट्स की दिक्कत हो रही है। शो के मेकर्स अब अभिनेता के रिप्लेसमेंट की तलाश कर रहे हैं। तीन नाम मिले हैं, जिसमें करण जौहर, संजय दत्त और अनिल कपूर शामिल हैं। इन तीनों नामों को शो के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक किसी भी एक नाम पर मुहर नहीं लगी है।



# ओटीटी पर कॉमेडी-क्राइम से भरपूर होगा यह हफ्ता

**मुंबई।** दर्शकों को सिनेमाघरों से ज्यादा अब घर में बैठकर फिल्म और वेब सीरीज देखना पसंद आता है। यही वजह है कि दर्शक ओटीटी पर नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। मई का तीसरा हफ्ता भी दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक होने वाला है। इस हफ्ते भी कई धमाकेदार फिल्में ओटीटी पर आने वाली हैं

**गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर :** 'गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर' गॉडजिला और सर्वशक्तिमान कॉन्ग के इर्द-गिर्द घूमती है, क्योंकि उन्हें एक ऐसे खतरे का सामना करना पड़ता है, जो मानव जाति के अस्तित्व और अस्तित्व को चुनौती दे सकता है। एडम विंगार्ड द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रेबेका हॉल, ब्रायन टायरी हेनरी, डैन स्टीवंस, कायली हॉटल, एलेक्स फर्न्स और फाला चेन हैं। यह फिल्म 13 मई को बुकमायशो पर रिलीज हुई।

**ब्रिजर्टन सीजन-3 :** 'ब्रिजर्टन सीजन 3' पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन की प्रेम कहानी पर केंद्रित होगी, जिसे पहले सीजन से ही दिखाया गया है। कॉलिन पेनेलोप को उसके लिए अपने प्यार का एहसास कराने के लिए एक पति ढूंढने में मदद करेगा। निकोला कफलान और ल्यूक न्यूटन इस तीसरे सीजन में मुख्य भूमिका निभाएंगे और पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन के रूप में अपनी भूमिका फिर से निभाएंगे। यह 16 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।




**बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड :** एसएस राजामौली की सीरीज 'बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड' बाहुबली फिल्म की घटनाओं से पहले की कहानी है और यह बाहुबली और भल्लालदेव पर केंद्रित होगी, क्योंकि वे माहिष्मती की रक्षा के लिए एक साथ लड़ते हैं। एनिमेटेड सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**बस्तर द नक्सल स्टोरी :** 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सली-माओवादी विद्रोह पर आधारित है। फिल्म में अदा शर्मा, इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 17 मई को जी5 पर रिलीज होगी।

**मडगांव एक्सप्रेस :** 'मडगांव एक्सप्रेस' तीन बचपन के दोस्तों प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी की यात्रा को दिखाती है, जो गोवा की यात्रा पर निकलते हैं। उनकी यह यात्रा पूरी तरह से पटरी से उतर जाती है। फिल्म में नोरा भी हैं। तीनों दोस्तों की यात्रा उनकी लिए तब मुसीबत बन जाती है, जब वे एक माफिया के चंगुल में फंस जाते हैं। यह सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**जरा हटके जरा बचके :** विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' अपनी रिलीज के एक साल बाद ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार है। रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म सरकारी योजनाओं की पोल भी खोलती है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म जियो सिनेमा पर 17 मई को दस्तक देगी।



# हंसिनी वाली चाल ने मचाया तहलका

नई दिल्ली। 'हीरामंडी' सीरीज की हर तरफ चर्चा है। संजय लीला भंसाली ने जो कमाल रचा है दर्शक उसकी तो तारीफ कर ही रहे हैं, लेकिन इन दिनों इस सीरीज की वजह से सबसे ज्यादा लाइमलाइट में अदिति राव हैदरी हैं, जो अपनी हंसगामिनी चाल की वजह से छाई हुई हैं। फेसबुक हो या इंस्टाग्राम 'हीरामंडी' से अदिति राव हैदरी का वीडियो वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का यह सीन तब का है, जब वह मुजरा करती नजर आती हैं। वह झटककर हंसिनी सी चाल में चलती दिखी हैं। यूजर्स इस पर अदिति की तारीफ करते नहीं थक रहे। वहीं कुछ लोग इसे कॉपी बता रहे हैं। ऐसी ही चाल फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में मधुबाला की थी।

## ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां दिखा चुकी हैं दमखम

# कान फिल्म फेस्टिवल में पहली भारतीय फिल्म थी 'नीचा नगर'

***मुंबई।*** *हर साल धूमधाम से मनाया जाने वाला कान फिल्म फेस्टिवल इस साल 14 मई से 25 मई तक मनाया जाएगा। 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है। 1946 में आई फिल्म 'नीचा नगर' को निर्देशक चेतन आनंद ने निर्देशित किया था। इस फिल्म की कहानी के लेखक थे ख्वाजा अहमद अब्बास और हायातुल्लाह अंसारी। फिल्म के निर्माता थे राशिद अनवर। अभिनेत्री कामिनी कौशल ने इस फिल्म से अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म के जरिए ही म्यूजिक डाइरेक्टर रवि शंकर ने भी बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था।*

## भारतीय ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां हो चुकी हैं शामिल

बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं में गिनी जाने वाली ऐश्वर्या राय ने अपनी फिल्म 'देवदास' की विशेष स्क्रीनिंग के लिए शेखर कपूर के साथ साल 2002 में कान्स फेस्टिवल में डेब्यू किया था और साल 2003 में उन्होंने ज्यूरी में जगह बनाई थी। ऐश्वर्या के अलावा विद्या बालन ने साल 2013 में कान फिल्म फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम किया था। भारत की दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर भी कान फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्हें साल 2009 में ज्यूरी सदस्ये के रूप में बुलाया गया था। बॉलीवुड अभिनेत्रियों के अलावा फिल्म निर्माता, मीरा नायर भी कान का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने साल 1990 में कान फिल्म फेस्टिवल के सदस्य के रूप में काम किया था।



## इस साल शामिल होंगे ये भारतीय चेहरे

बॉलीवुड भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बॉलीवुड के कुछ मशहूर चेहरे इसमें शामिल होंगे, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, शोभिता धुलिपाला 'रेड कार्पेट' पर जलवे बिखेरती नजर आएंगी। बता दें कि इस वर्ष कई सारे डिजिटल क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' में अपना पदार्पण करने जा रहे हैं। इसमें कुछ नए भारतीय चेहरे भी देखने को मिलेंगे। जिसमें, आरजे करिश्मा, नैन्सी त्यागी, निहारिका, अंकुश बहुगुणा और अन्य लोग शामिल हैं।

## ज्यूरी सदस्य

ज्यूरी सदस्यों का क्या काम होता है। बता दें कि कान फेस्टिवल दुनिया भर की फिल्मों का चार मुख्य और आधिकारिक श्रेणियों में प्रदर्शन होता है। जिसके बाद फिल्मों को अवार्ड के लिए चुना जाता है। इन कैटेगरीज में फिल्मों को चयनित करने के लिए ज्यूरी काफी पहले से काम करने लगती है। इस दौरान ज्यूरी द्वारा ही फिल्म को अवॉर्ड दिया जाता है।

14 korba-Bhoomi pg6_Layout 1 5/14/2024 11:44 PM Page 1




## खबर संक्षेप

### प्रेमराज बने एनआईएस ताइक्वांडो कोच



**कोरबा।** ज़िले के लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी सिटी सेंटर मॉल के डायरेक्टर प्रेमराज बंजारे ने स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ़ इंडिया बेंगलुरु से एनआईएस ताईक्वांडो की परीक्षा पास कर ज़िले के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। प्रेमराज बंजारे एक समर्पित और भावुक मार्शल आर्ट प्रैक्टिशनर, ने प्रमाणित एनआईएस ताइक्वांडो कोच बनकर अपनी यात्रा में एक उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतिष्ठित प्रमाणन ताइक्वांडो की कला में कड़ी मेहनत, समर्पण और विशेषज्ञता का प्रतीक है। नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (एनआईएस) बेंगुलुरु में ताइक्वांडो कोचिंग सर्टिफिकेशन मार्शल आर्ट निर्देश के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रेमराज की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### श्रीमद भागवत कथा के दूसरे लगी भक्तों की भीड़



**बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत मनोरंजन मंदिर क्लब में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ 13 मई से प्रारंभ हो चुका है। रविवार को बांकीमोंगरा नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई साथ रविवार को कथा वाचिका पूज्या रश्मि मिश्रा बांकीमोंगरा पहुंचे। जहां आयोजनकर्ता एवं नगरवासियों के द्वारा पुष्प गुच्छ व महामाला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता ब्रज पालन ट्रस्ट एवं समस्त बांकीमोंगरा नगरवासी द्वारा कराया जा रहा है। 13 से 19 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चलेंगे और 20 मई को हवन एवं महाभंडारे के साथ समाप्ति होगी। इस दौरान दिव्य कथा ज्ञान यज्ञ का वाचन परम भागवत उपासक पूज्या रश्मि मिश्रा वृंदावन के द्वारा किया जाएगा। वहीं आयोजनकर्ताओं ने बांकीमोंगरा क्षेत्र अन्तर्गत सभी नगरवासियों को श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने अपील की गई है।

## खदान को पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से नहीं मिला उत्पादन सर्टिफिकेट

# सिंघाली खदान में दो सप्ताह से कोयला उत्खनन ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एसईसीएल को सीटीओ का प्रमाण पत्र नहीं मिलने की वजह से एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के सिंघाली खदान से कोयला उत्खनन बंद पड़ा हुआ है। खदान में लगभग 600 कोल कर्मी कार्यरत हैं। उक्त कर्मचारी 8-8 घंटे की तीन शिफ्टों में खदान में काम करते हैं। कुछ कर्मचारी खदान के कार्यालय में भी कार्यरत हैं। जब से खदान में कोयला उत्खनन बंद है तब से प्रबंधन को रोजाना आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- कोयला निकाल पाने में नाकाम हो रहा है प्रबंधन, उठाना पड़ रहा आर्थिक नुकसान

सूत्रों की मानें तो लोकसभा चुनाव में अधिकारियों की व्यस्तता के कारण सर्टिफिकेट मिलने में देरी हुई। लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुए एक सप्ताह गुजर गए हैं इसके बाद भी एसईसीएल को छत्तीसगढ़ पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। इससे सिंघाली में कोयला खनन का संकट पैदा हुआ है। एक तरफ हाजिरी लगाकर मजदूर काम किए बिना लौट जा रहे हैं तो दूसरी ओर उत्पादन नहीं होने से कंपनी की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। इस स्थिति में कंपनी को दो-दो मोर्चों पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। खदान के भीतर पंप चलाने या इलेक्ट्रिक जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही कंपनी काम करा पा रही है। उत्पादन पूरी तरह से ठप है। 28 अप्रैल से इस खदान से उत्पादन बंद है। कोयले का एक भी ढेला बाहर नहीं निकल रहा है। इससे कंपनी को रोजाना आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इसके पीछे मुख्य वजह सीटीओ (कंसर्न टू ऑपरेट) प्रमाण पत्र का नहीं मिलना है। सीटीओ प्रमाण पत्र राज्य पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से कोयला कंपनी को खनन के लिए दिया जाता है। यह प्रमाण पत्र हर साल रेन्यूअल होता है।



फाइल फोटो

वर्तमान में प्रमाण पत्र की वैधता 27 अप्रैल को खत्म हो चुकी है, तब से यहां से कोयला खनन बंद हो गया है। 14 दिन का समय बीत गया है लेकिन सीटीओ प्रमाण पत्र एसईसीएल को पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से नहीं मिला है। इससे कंपनी का स्थानीय प्रबंधन परेशान है। चाहकर भी मेन पावर का इस्तेमाल खनन के लिए नहीं कर पा रहा है। एसईसीएल की सिंघाली कोयला खदान से हर माह औसत 24 हजार टन कोयला उत्पादन होता है। प्रतिदिन औसत 600 से 700 टन कोयला बाहर निकलता है। जब से खदान में उत्पादन ठप है तब से खदान के भीतर फेस पर कोयला खनन का कार्य बंद है। खदान के भीतर चलने वाली भारी मशीनें खड़ी है।

# बाइक सवार पिता-पुत्र सहित तीन पेड़ से टकराए, दो की मौत एक गंभीर



घटनास्थल में मृत पड़ा युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुटा के पास बाइक सवार पिता-पुत्र सहित तीन लोग पेड़ से टकरा गए। घटना में दो लोगों की मौत हो गई। गांव में निवास करने वाले नारायण सिंह उम्र 58 वर्ष के घर देवरी में रहने वाला रिश्ते में भतीजा राजा गोंड़ आया था। सोमवार को नारायण सिंह 58 वर्ष, उसका पुत्र राजू सिंह 35 वर्ष और रिश्तेदार राजा गोंड़ बाइक सीजी-10 एयू-8568 पर बैठकर अपने घर से गांव के दूसरी छोर पर बनाए गए घर जा रहे थे। बाइक राजा गोंड़ चला रहा था। गांव के करीब बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकाई। बाइक पर सवार तीनों युवक सिर के बल पेड़ पर गिरे। सिर में गंभीर चोट लगने से नारायण सिंह और राजा गोंड़ की मौत हो गई जबकि राजू गोंड़ को गंभीर हालत में पाली के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी नाजुक स्थिति को देखकर चिकित्सकों ने उसे सिम्स बिलासपुर रेफर किया है।

# सांख्यिकी विभाग के पत्र को गंभीरता से नहीं ले रहे जनपद पंचायत के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांख्यिकी विभाग के द्वारा शहरी और ग्रामीण अंचलों में होने वाली जन्म एवं मृत्यु के रिकार्ड संकलित किया जाता है। जहां से राज्य शासन को भेजा जाता है। विभाग जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों से जन्म एवं मृत्यु की जानकारी संकलित करता है किंतु इस मामले में जनपद पंचायत सांख्यिकी विभाग के पत्र को भी गंभीरता से नहीं लेते। कई बार रिमाइंडर दिए जाने के बाद जानकारी आती है वह भी अधूरी।

**खास बात**

- जन्म मृत्यु पंजीयन के रिकार्ड नहीं पहुंच रहे विभाग के पास
- पत्र रिमाइंडर को भी जनपद सीईओ नहीं लेते गंभीरता से

### निजी अस्पताल देते हैं नगरीय निकायों को जानकारी

जन्म मृत्यु के रिकार्ड अपडेट करने हेतु शहरी क्षेत्र में निजी नर्सिंग होम और निजी चिकित्सालय नगरीय निकायों को जानकारी उपलब्ध कराते हैं। जहां से सांख्यिकी विभाग को भेजी जाती है। इसी तरह जिला चिकित्सालय से जानकारी सीधे सांख्यिकी विभाग को भेजी जाती है। जिला चिकित्सालय से वही जानकारी भेजी जाती है जिसमें अस्पताल परिसर में जन्म लेने वाले बच्चे और होने वाली मृत्यु शामिल रहती है।

जिले में पांच जनपद पंचायतों के अंतर्गत 712 गांव एवं 400 ग्राम पंचायत तथा 5 नगरीय निकाय आते हैं। इनसे सांख्यिकी विभाग अधोसंरचना से लेकर उनके क्षेत्र में होने वाली मृत्यु एवं जन्म के रिकार्ड मांगता है उक्त रिकार्ड राज्य शासन को भेजे जाने के बाद राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण रजिस्टर में जानकारी प्रकाशित होती है। विभाग के इस गंभीरता वाले कार्य को जनपद पंचायत के अधिकारी और ग्राम पंचायत के सचिव गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। विभाग की मानें तो पंचायतों और नगरीय निकायों से सहायक सांख्यिकी नियुक्त किया गया है उनके द्वारा लगातार जानकारी लेने हेतु जनपद पंचायतों को पत्र व्यवहार किया जाता है। जनपद पंचायत करतला और पोड़ी उपरोड़ा से पूरी जानकारी नहीं मिल पा रही है। जबकि नगरीय निकायों से सांख्यिकी विभाग को जन्म मृत्यु से संबंधित सभी जानकारी समय पर मिल रही है। कई बार पंचायतों की बैठक में सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों ने जन्म मृत्यु से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी नहीं मिलने से जिला अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं।

# दो मकानों का ताला तोड़कर लाखों का माल ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दीपका थाना क्षेत्र में चोरी की दो अलग अलग घटनाएं सामने आयी हैं जहां चोरों ने मकानों का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार दिया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर ममाले की जांच शुरु कर दी है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झाबर के राजीव नगर मोहल्ला निवासी संतोष चन्द्रा उम्र 47 वर्ष पिता गोकुल चन्द्रा अपने परिवार के साथ निवास करता है। संतोष चंद्रा 10 मई की सुबह सपरिवार विवाह कार्यक्रम में शामिल होने जैजैपुर गये हुए थे। इसी दौरान 11 मई की सुबह 6:30 बजे पड़ोसी के द्वारा फोन करके बताया गया की उसके घर का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद संतोष चंद्रा अपने घर वापस आया तो देखा कि घर में रखे अलमारी का दरवाजा टूटा हुआ था। घर के सारे सामान बिखरे पडे थे जिसमें से सोने का अंगुठी, मंगल सुत्र मटरदाना, मराठी माला, इयरींग, सोने का लांकेट सहित अन्य जेवरात व नगदी 20 हजार रुपए को किसी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया है। संतोष चंद्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना ग्राम झाबर के राजीव नगर मोहल्ला में हुई है। यहां निवासरत शत्रुहन साहू उम्र 58 वर्ष पिता लखन लाल साहू 11 मई की रात परिवार सहित खाना खाकर सो गए। रात्रि लगभग 2:30 बजे बेटा बहु ने बताया कि घर में चोरी हो गया है। तब शत्रुहन साहू अलमारी को जाकर देखा तो अलमारी का दरवाजा खुला था कपडा वगैरह सामान बिखरे पड़े थे, सोने चांदी के जेवरात नहीं थे। जिसे किसी अज्ञात चोरों द्वारा घर में छत के रास्ते घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। शत्रुहन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।

**खास बात**

- दीपका थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

# पुलिया की टूटी रेलिंग में बांधी गई बांस की बल्ली, कभी भी हो सकता है बड़ी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंचल में पुलिया की रेलिंग आधे हिस्से से टूटने के बाद बांस की बल्ली बांध दी गई है। साथ ही पुलिया की डामर भी कई जगह से उखड़ चुकी है। इस कारण मार्ग से गुजरने वाले चालकों को आवाजाही में काफी दिक्कत हो रही है। रात्रि के समय वाहन चालक को वाहन से नियंत्रण खो देने का डर हमेशा बना रहता है। शहर को जोड़ने वाले दर्री मुख्य मार्ग पर ग्राम कोहड़िया के पास पुलिया का निर्माण कराया गया है। इस पुलिया के एक ओर की रेलिंग आधे हिस्से से टूट गई है। इस कारण बांस की बल्ली से इसे बांधा गया है, लेकिन इसके बाद से पुलिया की टूटी रेलिंग का सुधार कार्य कराने ध्यान नहीं दिया गया है। पुलिया की सड़क पर इस्तेमाल डामर भी उखड़ने लगे हैं। इस कारण पुलिया से गुजरते समय वाहन चालकों को परेशानी होती है। सड़क से डामर उखड़ने के बाद पुलिया में इस्तेमाल गिट्टी देखे जा सकते हैं।



दर्री मार्ग की कोहड़िया पुलिया बांस बल्ली के सहारे।

### गौठान के निर्माणाधीन शेड से सीट की चोरी



**चैतमा।** चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर में गौठान का निर्माण कराया गया है। जहां शेड निर्माण में लगे टीना के सीट को किसी अज्ञात चोरों द्वारा पिछले दिनों चोरी कर लिया गया। गोपालपुर ही नहीं क्षेत्र के अन्य कई गौठानों से मोटरपंप, फेंसिंग तार की चोरी हुई है। कुछ जिम्मेदारों ने तो गौठानों में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है तो कुछ ने रिपोर्ट दर्ज करवाना भी जरूरी नहीं समझा। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन कहीं ना कहीं चोरी की घटनाएं होती ही रहती है ग्रामीणों ने इस पर अंकुश लगाने की मांग की।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Korba To | Zest | Crysta | Today Offer* |
| --- | --- | --- | --- |
| Raipur Airport | 2999 | 4999 | 1499 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# ग्राम पंचायतों में मनरेगा की नहीं हो रही सोशल ऑडिट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अंतर्गत ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों को लेकर प्रतिवर्ष होने वाले सोशल ऑडिट नहीं होने से मजदूरी भुगतान व निर्माण सामग्री की सप्लाई में हुए खर्च ब्योरा का रिकार्ड ग्राम पंचायतों में अपडेट नहीं होने के मामले सामने आ रहे हैं। सोशल ऑडिट नहीं होने से पंचायत प्रतिनिधि को वास्तविक स्थिति खर्च की नहीं मिल पा रही है जिससे पंचायत प्रतिनिधियों में आक्रोश भी नजर आ रहा है।

डेढ़ सौ दिन तक काम देने वाली मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट अभियान चलाया जाता है। अभियान के तहत पंचायतों में ग्राम सभा के द्वारा बैठक आयोजित कर पंचायतों में होने वाले विकास कार्य व संपन्न हुए कार्य पर पूरी विस्तृत चर्चा तथा ग्रामीणों की भागीदारी रोजगार प्राप्त करने वाले जॉब कार्डधारी मजदूरों की संख्या मजदूरी भुगतान से लेकर निर्माण सामग्री की सप्लाई सहित अन्य कार्यों के संबंध में पंचायत में होने वाली चर्चा में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ ग्रामीणों की राय ली जाती है। तीन वर्ष से सोशल ऑडिट किन्हीं कारणों से नहीं होने के परिणाम स्वरुप स्थितियां पंचायतों में बिगड़ने लगी है। आलम यह है कि पंचायत प्रतिनिधियों को मनरेगा के कार्यों एवं मजदूरी भुगतान तथा निर्माण सामग्री आदि के संबंध में विस्तृत जानकारियां नहीं मिल पाती। मनरेगा प्रकोष्ठ में पदस्थ अधिकारियों के द्वारा तकनीकी कारण बताकर पंचायत प्रतिनिधियों को गुमराह भी कर दिया जाता है। कई ग्राम पंचायतों में रोजगार सहायकों के विरुद्ध शिकायत मिलने पर जांच बैठाई गई है। जांच रिपोर्ट भी पंचायत प्रतिनिधियों को नहीं बताई जाती।

### प्रभार में पाली व पोड़ी उपरोड़ा

मनरेगा अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारियों की पदस्थापना को लेकर भी खामियां बरती गई है। पाली और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी का प्रभार तकनीकी सहायक को दिया गया और और पूर्वकालिक कार्यक्रम अधिकारियों को अन्य कामों में संलग्न कर दिया गया है। दोनों ब्लॉक जिले के सबसे बड़े ब्लॉक में आते हैं। प्रभार के भरोसे मनरेगा का कामकाज चलने के कारण निर्माण कार्यों का मूल्यांकन भी नहीं हो पा रहा है।

### जिला मुख्यालय में पहुंचती है जानकारी

जिला पंचायत में मनरेगा प्रकोष्ठ तक रोजगार सहायक कार्यों का मूल्यांकन नहीं होने निर्माण सामग्री जैसे को लेकर शिकायतें भी मनरेगा के अधिकारियों तक पहुंचती है उसके बावजूद गंभीरता नहीं बरती जा रही है। किसी भी प्रकार की जानकारी मांगने पर मनरेगा प्रकोष्ठ के एपीओ भी जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं। वर्तमान में मनरेगा के रिकार्ड के अनुसार 50 हजार मजदूरों को रोजगार दिए जाने की जानकारी सामने आई है।

# मौसम के बदलाव से अस्पतालों में लगी मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मौसम में रूक-रूक कर हो रहे बदलाव के कारण तेज गर्मी और तपन से जहां लोगों को हल्की बारिश के कारण राहत मिल रही है, तो वहीं अस्पतालों में मौसम के बदलाव के कारण मरीजों की भीड़ भी लगने लगी है। बारिश व तेज गर्मी के कारण उल्टी, दस्त व लू लगने जैसे शिकायतें ज्यादा आ रही है। मौसम के असर से लोगों के स्वास्थ्य में असर पड़ने की बात चिकित्सक भी स्वीकारते हैं।

**खास बात**

- बुखार व लू लगने की शिकायतें ज्यादा

मौसम में आए बदलाव सुबह तापमान बढने के व शाम को बूंदाबांदी के कारण जिले में डिहाइड्रेशन सहित विभिन्न संक्रामक रोग फैल रहे है। इसके साथ ही अधिकांश मरीजों में उल्टी-दस्त व हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीज जिला अस्पताल पहुंच रहे है। इसके अलावा वायरल बुखार भी तेजी से फैल रहा है। सरकारी अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों की ओपीडी में भीड़ बढ़ रही है। बीते 15 दिनों में मौसम में हुए कई बदलावों के कारण अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। सुबह व शाम के निर्धारित समय को छोडक़र इमरजेंसी में भी लगातार मरीज पहुंच रहे है। इनमें अकस्मात चक्कर आना, जी मचलाना, उल्टी तथा सांस संबंधी मरीज रोजाना इमरजेंसी में पहुंच रहे है। इसके अलावा लूज मोशन तथा स्किन की परेशानी के मरीज भी बढ़े हैं। डॉक्टर की माने तो मौसम में तेजी से हो रहे बदलावों का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। अस्पताल में पहले की अपेक्षा 20 फीसदी तक मरीजों की संख्या बढ़ गई है।जिला अस्पताल की जिस ओपीडी की संख्या प्रतिदिन में 450 से 500 रहती थी, वह अब बढकर 700 से 800 तक पहुंच गई है। मौसम में हुए बदलाव की वजह से विभिन्न मौसमी बीमारियों को लेकर ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। इनमें वायरल से पीड़ित मरीज भी शामिल है।



### सेहत का है सवाल, ऐसे करें बचाव

चिकित्सकों की मानें तो मौसम में एकाएक गरम होने पर लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। इन दिनों पेट की बीमारियों, बुखार और डिहाइड्रेशन की सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। तेज गर्मी होने के कारण पसीना ज्यादा आ रहा है लेकिन लोग जरूरत के अनुसार पानी नहीं पी रहे हैं। फिलहाल खुद को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है और प्रयास करें कि तेज धूप के दौरान ज्यादा देर तक धूप में खड़े न रहें। प्रतिदिन 3 लीटर पानी जरूर पीएं। हाइड्रेटेड रहने का सबसे आसान नियम है पानी पीना है। एक व्यस्क को प्रतिदिन 2-3 लीटर पानी-पीने की सलाह एक्सपर्ट भी देते हैं। गर्मी में अधिक पसीना आने से डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। ध्यान रखें सर्द-गर्म से बचने के लिए कभी भी बाहर से आकर फ्रिज का ठंडा पानी या जूस ना पिएं।